गणमान्य • सौ. आयोजक

## योगिता के विजेताओं दिए पुरस्कार

रुखनगर : ग्लोबल ग्रुप आफ ट्यूशंस फरुखनगर गुरुग्राम दिवसीय बहुप्रतीक्षित वार्षिक महोत्सव जोश-2025 का रंभ किया। छात्रों ने क्रिकेट, टबाल, कबड्डी और बाल जैसे विभिन्न खेलों में ी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क मैच में छात्रों का उत्साह और देखने लायक था। समापन रोह में विजेताओं को पुरस्कार रित किए गए।

इस दौरान एसोसिएट प्रोफेसर जीव कुमार, पूर्व डा. विजय ा. प्रतिभा भारद्वाज मौजूद रहे।

## रने वाली रफ्तार

चला कि आरोपितों ने दिल्ली पर आधार कार्ड बनवाया हुआ सके माध्यम से खुद के नाम क बैंक खाते खुलवाए हुए थे। त उन बैंक खातों को साइबर उपलब्ध करवाते थे। जिसके रोपितों को एक बैंक खाता के जार रुपये मिलते थे। पुलिस रा आरोपितों के कब्जा से तीन फोन, तीन सिम कार्ड्स, तीन कार्ड्स, आठ चेकबुक व 11 बरामद की गई है।

# नुक्कड़ नाटक से योजनाओं की जानकारी दी




सेक्टर-37 जेबीएम लिमिटेड कंपनी में आयोजित कार्यक्रम में पोस्टर देते अतिरिक्त कार्यालय प्रमुख संयुक्त निदेशक सुनील यादव • सौ. विभाग

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम : ईएसआइसी उप क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से सेक्टर-37 जेबीएम लिमिटेड कंपनी में निगम के पांच हितलाभ और बीमाकृत व्यक्तियों के बच्चों की मेडिकल शिक्षा में आरक्षण विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक के माध्यम से निगम की उन योजनाओं को उजागर किया गया। नाटक के मंचन कार्यालय के कार्मिक सीमा कपूर, पूजा दहिया, अंकुर कोहली, सुनील अत्री, नेहा, अंकित और सुनील ने अपने अभिनय से कंपनी कार्मिकों को ईएसआईसी के हितलाभों और चिकित्सा सुविधाओं व पैनल अस्पतालों में उपचार के बारे में जानकारी दी गई। कार्यालय प्रमुख संयुक्त निदेशक सुनील यादव ने बीमाकृत व्यक्तियों को ईएसआइसी की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप निदेशक सचिन सिंह, जनसंपर्क अधिकारी डा. स्वीटी यादव और सहायक निदेशक रविन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# महिला कर्मचारियों को सम्मानित करेगा निगम

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्थानीय ताऊ देवीलाल स्टेडियम स्थित चौधरी सुरेंद्र सिंह पवेलियन में शनिवार को सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 'अपराजिता-हमसे है गुरुग्राम' कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में नगर निगम गुरुग्राम की महिला स्वच्छता कर्मियों सहित कार्यालय में कार्यरत अन्य महिला कर्मचारी शामिल होंगी। नगर निगम गुरुग्राम की महिला स्वच्छता कर्मियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। निगम में लगभग 2500 महिला कर्मचारी हैं।